

# नैतिकता एवं व्यवसाय कार्यप्रथा संहिता

1.800.INSIGHT | insight.com

Insight



# CEO का संदेश

1988 में, महत्वाकांक्षी क्राउन बंधुओं ने अपनी कॉलेज व्यवसाय योजना का उपयोग करके Insight लॉन्च की और टैम्पे, एरिज़ोना में हार्ड ड्राइव्स की रीसेलिंग करने लगे। आज Insight एक वैश्विक और फ़ॉर्च्यून 500 में शामिल समाधान एकीकरणकर्ता है जो विभिन्न व्यवसायों को प्रमुख और बड़े डिजिटल बदलावों के दौरान अधिक स्मार्ट संचालन करने में मदद दे रही है।


ये सब न तो रातोंरात हुआ और न जादू से। आज हम जहाँ हैं वहाँ हम महत्वपूर्ण भागीदारियों के पीछे बिना थके लगे रहने, रणनीतिक अधिग्रहण करने और उद्योग की कुछ सबसे नवाचारी प्रतिभाओं का लाभ उठाने से पहुँचे हैं। इतने वर्षों की हमारी निरंतर सफलता का श्रेय हम हमारे समर्पित टीम सदस्यों को देते हैं जिन्होंने अपने आइडियाज़ और अपनी प्रतिबद्धता के दम पर क्लाइंट्स को नतीजे डिलीवर किए।

हालाँकि हमारे हर काम के केंद्र में लोग ही होते हैं, पर 2015 तक Insight ने भूख, दिल और समरसता (हंगर, हार्ट और हार्मनी) की हमारी केंद्रीय मान्यताओं को परिभाषित करके उन संबंधों के महत्व को औपचारिक रूप नहीं दिया था। यही मान्यताएँ एक-दूसरे के साथ, हमारे भागीदारों और क्लाइंट्स के साथ, और Insight व्यवसाय नैतिकता संहिता के साथ हमारे रोज़मर्रा के व्यवहारों के लिए मनोदशा तय करती हैं।

हमारी उत्तम कॉरपोरेट नागरिकता, जिसमें नोबल कॉज़ एंड रीच जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हमारा परोपकारी पहुँच-विस्तार शामिल है, के ज़रिए और समावेशन तथा समता को आगे बढ़ाने की आंतरिक पहलों, जैसे हमारे टीम सदस्य संसाधन समूह, के ज़रिए हमारे उच्च नैतिक मानक प्रतिबिंबित होते हैं। हम एक सीधे-साधे कारण से उत्तम नैतिक व्यवहार में पूरा विश्वास रखते हैं और उसका अभ्यास करते हैं, और वह कारण है: ऐसा करना ही सही है।

हमें गर्व है कि हमारी मान्यताओं-से-प्रेरित संस्कृति को हमारी पूरी कंपनी में, भागीदारों में, क्लाइंट्स में और समुदायों में इतना विस्तृत संरक्षण मिला है। Insight को काम करने की सर्वश्रेष्ठ जगह के तौर पर क्षेत्रीय स्तर पर अनगिनत सम्मान मिले हैं, Forbes की ओर से उसे अमेरिकाज़ बेस्ट एम्प्लॉयर्स फ़ॉर डाइवर्सिटी की सूची में और वर्ल्ड्स बेस्ट एम्प्लॉयर्स की सूची में रखा गया है, और Fortune की ओर से उसे वर्ल्ड्स मोस्ट एडमायर्ड कंपनीज़ की सूची में रखा गया है जिसकी एक्ज़ीक्यूटिव लीडरशिप टीम, सबसे अधिक विविधतापूर्ण एक्ज़ीक्यूटिव लीडरशिप टीम्स में से एक है।

मैं आपको आमंत्रित करती हूँ कि आप हमारी व्यवसाय नैतिकता संहिता को ध्यान से पढ़कर उन दिशानिर्देशों के बारे में और जानें जिनके द्वारा Insight – एक कंपनी के रूप में और अलग-अलग टीम सदस्यों के रूप में – संचालन करते हुए हमारी मान्यताओं को और उद्योग में नैतिक व्यवहार के सर्वोच्च मानकों को हमारे रोज़मर्रा के काम में लेकर आती है।



**जॉइस मलन (Joyce Mullen)**

प्रेसिडेंट और CEO, Insight Enterprises, Inc.

# Insight की मान्यताएँ और नैतिक निर्णय लेना

यह संहिता दुनिया भर में स्थित सभी Insight टीम सदस्यों पर और हमारी ओर से कार्य कर रहे हर व्यक्ति पर लागू होती है। इस संहिता की हमारी इन केंद्रीय मान्यताओं में मज़बूत जड़ें हैं:











दुनिया भर में स्थित सभी टीम सदस्यों के लिए यह आवश्यक है कि वे खुद को इस संहिता से परिचित करवाएँ और अपने रोज़मर्रा के काम में इसे लागू करें। यह संहिता कानून और नैतिकता के उन बुनियादी सिद्धांतों का वर्णन करती है जो Insight के व्यवसाय करने के तरीके को और, नैतिकता तथा “सही तरीके से” व्यवसाय करने के लिए Insight की प्रतिबद्धता को नियंत्रित करते हैं। संहिता के सिद्धांत टीम सदस्यों, डायरेक्टर्स, भागीदारों, सप्लायर्स और वेंडर्स पर लागू होते हैं। अंततः, Insight की प्रतिष्ठा और सफलता उसके टीम सदस्यों की तथा Insight का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी अन्य पक्षों की वैयक्तिक और सामूहिक सत्यनिष्ठा पर निर्भर करती हैं।

इस संहिता में हर उस मुद्दे या प्रश्न का उत्तर नहीं है जिससे आपका सामना अपने रोज़गार के हिस्से के तौर पर हो सकता है। यह संहति आपका मार्गदर्शन करने और नैतिक प्रश्नों के उत्तर ढूँढने में आपकी मदद करने के लिए है। कभी-कभी, कोई कानून या नीति स्पष्ट रूप से और आज्ञापूर्वक परिणाम बताती है। नैतिकता और मान्यताओं के प्रश्नों वाली स्थितियाँ अक्सर जटिल होती हैं और सही कदम तय करने के लिए और अधिक सोच-विचार की ज़रूरत पड़ती है। किसी नैतिक निर्णय से सामना होने पर, खुद से ये बुनियादी प्रश्न पूछें:

- इस स्थिति या कदम के बारे में क्या सही या गलत महसूस होता है?
- क्या आपसे कुछ ऐसा करने को कहा जा रहा है जो आपके विचार में गलत हो सकता है?
- क्या वह कदम कानूनी है?
- क्या वह कदम Insight की मान्यताओं और इस संहिता के अनुरूप है?
- आपका निर्णय या आपके द्वारा उठाया गया कदम दूसरों को कैसा दिखेगा? कभी-कभी बिना किसी गलत इरादे के उठाया गया कदम भी गलत कृत्य के रूप में देखा जाता है।
- आपने जो किया क्या उसके बारे में आप टीम सदस्यों, परिजनों और दोस्तों को खुशी-खुशी और शर्म या घबराहट के बिना समझा पाएँगे?
- क्या ऐसा करना “सही” है? एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी का टीम सदस्य होने के नाते खुद से पूछें कि वैश्विक संदर्भ में इसे कैसे देखा जाएगा।

यदि आपने अपने निर्णय के परिणामों की पूरी पड़ताल कर ली है और उत्तर तक नहीं पहुँच पाए हैं, तो अपने मैनेजर से, ह्यमन रिसोर्सेज़ (मानव संसाधन) से, लीगल डिपार्टमेंट से या Insight के कंप्लाइंस (अनुपालन) ऑफ़िस से सलाह माँगें। इस संहिता के संबंध में जो भी प्रश्न, शिकायतें या अन्य मुद्दे हों उन्हें compliance@insight.com या lisanne.steinheiser@insight.com पर ईमेल द्वारा Insight के कंप्लाइंस ऑफ़िस भेजा जा सकता है।



**लीज़ान स्टाइनहाइज़र (Lisanne Steinheiser)**

ग्लोबल कंप्लाइंस ऑफ़िसर (वैश्विक अनुपालन अधिकारी)

## विभिन्न देशों के विभिन्न कानूनों का सम्मान करना

Insight पूरी दुनिया में व्यवसाय करती है, और इसका यह अर्थ है कि हमारे टीम सदस्य कई विभिन्न देशों के कानूनों और विनियमों, जैसे U.S. का रिश्वतखोरी-रोधी अधिनियम (एंटी ब्राइबरी एक्ट) और उचित प्रतिस्पर्धा अधिनियम (फ़ेअर कॉम्पिटिशन एक्ट) और U.K. का रिश्वतखोरी अधिनियम (ब्राइबरी एक्ट), के अधीन होते हैं। यह संहिता व्यवसाय आचरण के सिद्धांतों का वर्णन करती है जो सभी टीम सदस्यों पर लागू होते हैं, चाहे वे कहीं भी काम करते हों। जहाँ स्थानीय रीति-रिवाज़ों, मानकों, कानूनों या विनियमों के कारण अंतर मौजूद हों वहाँ आपको इस संहिता और स्थानीय आवश्यकताओं में से उसे लागू करना होगा जो व्यवहार का उच्चतर मानक स्थापित करती हो। यदि इस संहिता और स्थानीय कानून के बीच मतभेद हो, तो स्थानीय कानून का पालन आवश्यक है; पर यदि यह संहिता अधिक प्रतिबंधी हो तो इसका पालन भी आवश्यक है। जैसे, इस संहिता द्वारा निषिद्ध उपहारों या अनुग्रहों का दिया जाना कुछ देशों में कानूनी हो सकता है, पर यदि Insight की संहिता अनुमति नहीं देती है तो आप उपहार या अनुग्रह नहीं दे सकते हैं। हम में से हरेक पर हमारे काम करने की जगह पर हम पर लागू होने वाले कानूनों को जानने और उनका पालन करने की ज़िम्मेदारी है। यदि आपके पास लागू हो सकने वाले किसी कानून या दिशानिर्देश के बारे में कोई प्रश्न हो, तो आपको Insight के कंप्लाइंस ऑफ़िस से संपर्क करना चाहिए।

## यह संहिता Insight की नीतियों और मार्गदर्शन के ऊपर उपरिशायी होते हुए उनके साथ-साथ कार्य करती है

Insight ने इस संहिता में जिन टॉपिक्स पर बात की गई है उनमें से कई के लिए और जिन टॉपिक्स को विशिष्ट रूप से संबोधित नहीं किया गया है उनमें से भी कई के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय, दोनों स्तरों पर नीतियाँ और मार्गदर्शन जारी किए हैं। यह संहिता उन नीतियों और मार्गदर्शन के साथ-साथ कार्य करती है। इस संहिता के या किसी भी नीति और मार्गदर्शन के उल्लंघन, कानून द्वारा अनुमत सीमा तक अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण बन सकते हैं।

टीम सदस्यों पर इस संहिता को और Insight में उनके पद व रोज़गार पर लागू होने वाली विभिन्न नीतियों और मार्गदर्शन को समझने की ज़िम्मेदारी है। नीतियाँ Insight के इंट्रानेट पर उपलब्ध हैं। यदि आपको कोई नीति मिल न रही हो, तो कृपया अपने मैनेजर, ह्यमन रिसोर्सेज़ या कंप्लाइंस ऑफ़िस से संपर्क करें।



# नव-नियुक्त कर्मचारी और वार्षिक प्रमाणन

Insight कंप्लाइंस डिपार्टमेंट, बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स (निदेशक मंडल) के मार्गदर्शन में इस संहिता की निगरानी करता है। सभी नव-नियुक्त कर्मचारियों के लिए यह आवश्यक है कि वे संहिता को अनुप्रमाणित (अटेस्ट) करें और दुनिया भर में सभी टीम सदस्यों के लिए यह आवश्यक है कि वे हर वर्ष संहिता का पालन प्रमाणित करें।

# संहिता से छूट/अनुशासनात्मक उपाय

यदि Insight का कोई टीम सदस्य या बोर्ड (निदेशक मंडल) सदस्य किसी ऐसे आचरण में संलग्न होना चाहता है जिसे इस संहिता द्वारा निषिद्ध किया गया है, तो उसे उस आचरण में संलग्न होने से पहले एक “छूट” प्राप्त करनी होगी। यदि कोई टीम सदस्य इस संहिता का उल्लंघन करने वाले आचरण में संलग्न होता है और उसने पूर्व में छूट प्राप्त नहीं की है, तो उस पर उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसमें, कानून में अनुमति होने पर, बरखास्तगी तक शामिल है। केवल Insight का निदेशक मंडल या स्वतंत्र निदेशकों की एक नामित समिति ही इस संहिता के उपबंधों से ऐसी छूट प्रदान कर सकती है जो एक्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर (कार्यकारी अधिकारी), फ़ाइनेंशियल एक्ज़ीक्यूटिव (वित्तीय कार्यकारी) या कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य से संबंध रखती है। किसी भी अधिकारी या निदेशक मंडल के किसी भी सदस्य को स्वीकृत की गई ऐसी किसी भी छूट का, कानून द्वारा आवश्यक किए अनुसार, समय से प्रकटन आवश्यक है। अन्य कोई भी एक्ज़ीक्यूटिव टीम सदस्य compliance@insight.com पर ईमेल भेजकर कंप्लाइंस ऑफ़िस से छूट का अनुरोध कर सकता है। सामान्य तौर पर, छूट स्वीकृत करने को प्रेरित नहीं किया जाता है।

# अनैतिक व्यवहार की सूचना देना

यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम सभी यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी लें कि इस संहिता में वर्णित मानक बस लिखित शब्द बनकर न रह जाएँ बल्कि वे व्यवहार में भी लागू हों। इसका यह अर्थ है कि यदि आपको किसी उल्लंघन का पता चलता है, तो आपके लिए उस पर कदम उठाना आवश्यक है, क्योंकि परिस्थिति से आँखें फेर लेना या उसे अनदेखा कर देना अनैतिक परिस्थिति में योगदान देने का एक तरीका है। इसलिए, हर टीम सदस्य पर इनमें से किसी को भी या सभी को अनैतिक व्यवहार की सूचना देने की ज़िम्मेदारी है:

- **कंप्लाइंस ऑफ़िस**
- **आपके मैनेजर**
- **आपके ह्यूमन रिसोर्सेज़ प्रतिनिधि**
- **लीगल डिपार्टमेंट**

# मैनेजर और सुपरवाइज़र

मैनेजर और सुपरवाइज़र पर उदाहरण बनकर अगुआई करने और व्यवहार के सर्वोच्च मानक बनाए रखने की विशेष ज़िम्मेदारी है। यदि आप दूसरों को सुपरवाइज़ करते हैं, तो आपको एक ऐसा परिवेश बनाना चाहिए जिसमें टीम सदस्य अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हों और प्रतिशोध के डर के बिना मुद्दों और चिंताओं को सामने लाने में सहज महसूस करते हों। यदि कोई मुद्दा सामने लाया जाता है, तो चिंताओं के हल के लिए शीघ्रता से कदम उठाएँ और समस्याओं के पैदा होते ही उन्हें ठीक कर दें। यदि आपको इस संहिता के किसी संभावित उल्लंघन का पता चलता है, तो आपको तुरंत उसकी सूचना हमारे ग्लोबल कंप्लाइंस ऑफ़िसर को देनी होगी।

आपके सुपरविज़न के तहत आने वाले हर टीम सदस्य को भी हमारी संहिता को समझना होगा, और हमारे कार्यस्थल को प्रभावित करने वाली नीतियों, कानूनों और विनियमों को समझना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यवसाय का प्रदर्शन, नैतिक व्यवसाय आचरण से अधिक महत्वपूर्ण कभी नहीं होता है।

## जब मैं कोई सूचना देता/ती हूँ तो क्या होता है?

कई टीम सदस्य यह सोचते हैं कि जब वे हॉटलाइन के ज़रिए, या कंप्लाइंस ऑफ़िसर को ईमेल या फोन कॉल के ज़रिए कंप्लाइंस ऑफ़िस को कोई सूचना देते हैं तो आगे क्या होता है। Insight के पास शिकायतों या मुद्दों की जाँच के लिए एक तय प्रक्रिया है। शिकायत या मुद्दे की प्रकृति के आधार पर, या तो कंप्लाइंस ऑफ़िसर खुद जाँच करेंगे या फिर उसे कंप्लाइंस के किसी आंतरिक व्यावसायिक भागीदार को सौंपा जा सकता है। इन आंतरिक व्यावसायिक भागीदारों को जाँच करने का प्रशिक्षण दिया जाता है पर वे विभिन्न आंतरिक व्यवसाय इकाइयों (बिज़नेस यूनिट) में स्थि होते हैं जो जाँच विशेषज्ञता प्रदान करती हैं, जैसे अकाउंटिंग, ऑडिट या ह्यमन रिलेशंस (मानव संबंध)। पूरी जाँच के दौरान गोपनीयता स्पष्ट रूप से अनिवार्य होती है। जाँच पूरी होते ही, कंप्लाइंस निष्कर्षों की समीक्षा करता है और परिणाम के संबंध में अनुशंसाएँ और निर्धारण प्रदान करता है। आवश्यक होने पर, उपयुक्त कार्रवाई की जाती है। Insight सभी सूचनाओं को गंभीरता से लेती है और हर सूचना की अंत तक जाँच करती है। जाँच पूरी हो जाने पर सूचनादाता को सूचित किया जाता है। समापन के समय, कंप्लाइंस ऑफ़िसर आवश्यक माने गए सभी कदमों का सुपरविज़न कर चुका होता है, और मामले को हल मान लेता है, बशर्ते सूचनादाता कोई अपडेट या एक और सूचना देकर मुद्दे को दोबारा न खोल दे।

## शून्य प्रतिशोध

जो भी टीम सदस्य सदाशय से सलाह माँगता है, कोई चिंता सामने लाता है या किसी उल्लंघन की सूचना देता है, वह संहिता का पालन कर रहा है और उपयुक्त ढंग से कार्य कर रहा है। Insight उस व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध को सहन नहीं करेगी। Insight प्रतिशोध के दावों को बहुत गंभीरा से लेती है, और ऐसे सारे दावों की विस्तृत जाँच की जाएगी। जो भी व्यक्ति संदिग्ध दुराचरण की या इस संहिता के तहत आने वाले अन्य मामलों की सूचना देने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोधी कदम उठाएगा उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसमें, कानून द्वारा अनुमन्य के अनुसार, बरखास्तगी तक शामिल है। यदि आपका विश्वास है कि अनुपालन या नैतिकता से संबंधित किसी मुद्दे को सामने लाने के कारण आपके या किसी अन्य के विरुद्ध कोई प्रतिशोधी कदम उठाया गया है, तो आपको तुरंत हमारे ग्लोबल कंप्लाइंस ऑफ़िसर से संपर्क करना चाहिए या compliance@insight.com पर ईमेल भेजना चाहिए।

**Insight**
**कंप्लाइंस हेल्पलाइन**

http://insightenterprises.ethicspoint.com



# स्थायित्व, सामाजिक और कॉर्पोरेट ज़िम्मेदारी

Insight में हम सामाजिक और कॉर्पोरेट ज़िम्मेदारी की मान्यताओं को अपनाते हैं। कई फ़ंक्शन्स (डिपार्टमेंट्स) जैसे ह्यूमन रिसोर्सेज़, इन्वेस्टर रिलेशंस (निवेशक संबंध), फ़ेसिलिटीज़ (इकाइयाँ/केंद्र), कंप्लाइंस और लीगल फ़ंक्शन्स मानव पूँजी विकास, आपूर्ति शृंखला प्रबंधन, कॉर्पोरेट अभिशासन और व्यवसाय नैतिकता से संबंधित मामलों में शामिल हैं और उनके लिए ज़िम्मेदार हैं और वे पर्यावरण हितैषी और सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार नीतियाँ स्थापित करने के लिए भी ज़िम्मेदार हैं। Insight ने यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट (संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते) पर हस्ताक्षर किए हैं और वह इस समझौते के मानवाधिकार, भेदभाव-रोधी, पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी और भ्रष्टाचार-रोधी सिद्धांतों का समर्थन करती है।

हम मौलिक मानवाधिकारों के संरक्षण पर बहुत ज़ोर देते हैं। Insight भर्ती और रोज़गार में सभी प्रकार के भेदभाव को, दासता को, बाल श्रम को, मानवाधिकार की रक्षा करने वाले लोगों के विरुद्ध धमकियों को और अन्य मानवाधिकार उल्लंघनों को अस्वीकार करती है। मौलिक श्रम अधिकारों और मानवाधिकारों का संरक्षण Insight के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदार भी मानवाधिकारों का सम्मान करें और यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करें कि हमारे व्यावसायिक भागीदार, विशेष रूप से सप्लायर और सबकॉन्ट्रेक्टर (उप-ठेकेदार), इन सिद्धांतों का पालन करें।



# अनुबंध नीतियाँ

यदि आप Insight के क्लाइंट्स, सप्लायर्स और अन्य व्यावसायिक भागीदारों के साथ सौदे करते हैं, तो आपके लिए व्यावसायिक सौदों के बुनियादी सिद्धांतों को समझना और Insight की अनुबंध नीतियों का पालन करना आवश्यक है। जब-जब Insight किसी अन्य पक्ष से कोई वादा करती है या उसके वादे स्वीकार करती है (जैसे, उत्पाद या सेवाएँ खरीदना या बेचना), तो हर बार Insight की अनुबंध नीतियाँ लिखित अनुबंध का होना आवश्यक करती हैं। टीम सदस्य Insight की अनुबंध प्रक्रिया से बाहर जाकर किसी भी “साइड लेटर”, “ऑफ़-द-बुक समझौतों”, “हैंडशेक”, “मौखिक करार (जेंटलमेन्स एग्रीमेंट)” या किसी भी अन्य प्रकार के करार या समझौते का उपयोग नहीं कर सकते हैं। आशय पत्रों (लेटर ऑफ़ इंटेंट, “LOI”) या समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडा ऑफ़ अंडरस्टेंडिंग, “MOU”) का उपयोग करने से पहले Insight के लीगल डिपार्टमेंट से संपर्क करें।

यदि कोई पक्ष आपसे कोई ऐसा सौदा करने को कहे जिसमें Insight या अन्य पक्ष की ओर से अनुचित राजस्व मान्यता, व्यय व्यवहार, दिखावटी लेनदेनों या अन्य अकाउंटिंग दुराचरण की अनुमति हो, तो आपको अपने मैनेजर, लीगल डिपार्टमेंट या ग्लोबल कंप्लाइंस ऑफ़िसर को सूचित करना होगा। जब अनुबंध हस्ताक्षर के लिए तैयार हो, तो केवल कुछ टीम सदस्यों के पास ही Insight की ओर से उस पर हस्ताक्षर करने का प्राधिकार होता है। यदि आप निश्चित न हों कि किसके पास अनुबंधों पर हस्ताक्षर का प्राधिकार है, तो अपने मैनेजर से संपर्क करें या Insight के इंट्रानेट में उपलब्ध हस्ताक्षर प्राधिकार मेट्रिक्स से मदद लें या लीगल डिपार्टमेंट से संपर्क करें।

# सार्वजनिक (सरकारी) क्षेत्र के व्यवसाय

Insight की ऐसी कुछ सहायक कंपनियाँ हैं जो सरकारी इकाइयों/संस्थाओं/कंपनियों को उत्पाद और सेवाएँ बेचती हैं। ऐसी इकाइयों/संस्थाओं/कंपनियों को बिक्री करते समय कुछ विशेष नियम लागू होते हैं और यह आवश्यक है कि आप उन्हें समझते हों। चूँकि इन कानूनों में काफ़ी भिन्नताएँ हैं और कुछ कानून जटिल हैं, अतः हमें उन कानूनों के पूर्ण अनुपालन के लिए हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) व्यवसाय में सावधान रहना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के व्यवसाय को केवल ऐसे टीम सदस्यों द्वारा संभाला जाना चाहिए जो सार्वजनिक क्षेत्र के अधिप्राप्ति विनियमों से परिचित हैं और Insight की ऐसी सहायक कंपनियों द्वारा संभाला जाना चाहिए जिनके पास सार्वजनिक क्षेत्र के अनुबंधों में विशेषज्ञता है। यदि आपके पास किसी सार्वजनिक क्षेत्र अधिप्राप्ति, नैतिक नियमों या सहायक कंपनी दिशानिर्देशों के बारे में कोई विशिष्ट प्रश्न हो तो कृपया अपने मैनेजर, कंप्लाइंस ऑफ़िसर या Insight के लीगल डिपार्टमेंट से संपर्क करें।

नीचे सामान्य रूप से लागू होने वाले कुछ मुख्य नैतिक दिशानिर्देश दिए गए हैं जिनसे आपको सार्वजनिक क्षेत्र की संभावित समस्याओं की पहचान में मदद मिलनी चाहिए:

भले सब नहीं पर अधिकतर सरकारी एजेंसियाँ रिश्वतों और किकबैक को सख्ती से निषिद्ध करती हैं। (इस विषय पर इस संहिता में अन्य स्थान पर अधिक पूर्णता से और विशिष्टता से बात की गई है।) आम तौर पर आपको सरकारी अधिकारियों को मौद्रिक मूल्य वाली कोई भी चीज़ देने से बचना चाहिए, जिसमें उपहार, मनोरंजन, ऋण, स्थानीय या लंबी दूरी की यात्रा, अनुग्रह, सत्कार, अग्रसारकता (फ़ोरबेअरेंस), आवास/ठहराव व्यवस्था, डिस्काउंट, प्रशिक्षण और भोजन शामिल हैं। हालाँकि कुछ मामूली ऐच्छिक दान स्वीकार्य हो सकते हैं, पर किसी भी सरकारी अधिकारी को या किसी सरकारी इकाई/संस्था/कंपनी की ओर से कार्य कर रहे व्यक्ति को कोई भी मूल्यवान वस्तु देने से पहले लीगल (या मैनेजमेंट) सलाह प्राप्त करें। Insight में सार्वजनिक क्षेत्र में उपहार और मनोरंजन से संबंधित विशिष्ट नीतियाँ हैं जो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग हो सकती हैं। मार्गदर्शन के लिए Insight के इंट्रानेट की मदद लें या कंप्लाइंस अथवा लीगल डिपार्टमेंट से संपर्क करें।

सार्वजनिक क्षेत्र के मामलों में व्यापक तौर पर लागू होने वाला एक और नियम यह है कि Insight की वस्तुओं और सेवाओं के संबंध में किसी भी सरकारी एजेंसी को जानबूझकर कोई भी झूठा बयान या झूठा दावा देने से बचें। “जानबूझकर” झूठा अभिवेदन या दावा करने को मोटे तौर पर इरादतन कृत्य, जानबूझकर अनभिज्ञ रहने के कृत्य या लापरवाही के कृत्य के रूप में परिभाषित किया गया है। किसी सरकारी अनुबंध के लिए प्रतिस्पर्धा या उसके निष्पादन के दौरान कंपनी के कर्मचारियों द्वारा एजेंसियों को दिए गए झूठे बयानों और दावों के लिए कंपनियों और व्यक्तियों पर मुकदमे चलाने हेतु, झूठे बयानों और दावों को निषिद्ध करने वाले कानूनों का अक्सर उपयोग किया जाता है।

और अंत में, जब Insight किसी सरकारी अनुबंध को पाने के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया में शामिल हो तब, आपको चयन प्रक्रिया में शामिल सरकारी अधिकारियों के साथ जमा बोलियों के बारे में या चयन प्रक्रिया के संभावित परिणामों के बारे में संचार करने से आम तौर पर बचना चाहिए। इसमें वे वर्तमान और भूतपूर्व अधिकारी, और किसी एजेंसी अधिप्राप्ति के संबंध में सरकार को सलाह दे रहे या उसकी ओर से कार्य कर रहे वे व्यक्ति शामिल हैं जिनके पास अपने पद, रोज़गार या संबंधित सरकारी इकाई से संबंध की बदौलत अधिप्राप्ति सूचना की पहुँच थी। गैर-प्रतिस्पर्धी अधिप्राप्तियाँ, जैसे एकमात्र-स्रोत से अधिग्रहण, को इस प्रकटन निषेध से आम तौर पर बाहर रखा जाता है।

## व्यावसायिक उपहार एवं मनोरंजन

उपहारों और मनोरंजन का आदान-प्रदान रोज़मर्रा के व्यवसाय में संबंधों का दायरा और उनकी मज़बूती बढ़ा सकता है, पर उनसे व्यक्तिगत हितों और पेशेवर ज़िम्मेदारियों के बीच हितों का टकराव भी पैदा हो सकता है। पूरी दुनिया में, Insight का रुख स्पष्ट है: ऐसा कोई भी उपहार, अनुग्रह या मनोरंजन लिया या दिया नहीं जाना चाहिए जिससे, उसे पाने वाले व्यक्ति पर, कोई बाध्यता पैदा होती हो या उस पर बाध्यता पैदा होने का आभास पैदा होता हो। आप चाहे अपने संसाधनों का उपयोग करें या कंपनी के संसाधनों का, यह नीति लागू होती है।

उपहार या मनोरंजन देने या लेने के सामान्य दिशानिर्देश इस प्रकार हैं:

- नकद रूप में उपहारों की अनुमति कभी नहीं होती है।
- उपहार या मनोरंजन को परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त होना चाहिए।
- उपहार या मनोरंजन उसे देने या पाने वाली इकाई के साथ Insight के व्यावसायिक संबंध को प्रभावित नहीं कर सकता है या समुचित रूप से उसे प्रभावित करने का आभास नहीं दे सकता है।
- उपहार या मनोरंजन में किसी व्यावसायिक बाध्यता का का बदला/एहसान चुकाने का कोई भी कृत्य शामिल नहीं होना चाहिए।

## अनुचित भुगतान और रिश्वतें

न तो आप और न ही आपका कोई भी परिजन किसी भी सप्लायर या क्लाइंट से ऐसी किसी भी धनराशि या उपहार का आग्रह कर सकते हैं या उसे स्वीकार कर सकते हैं जो उस सप्लायर या क्लाइंट के साथ कंपनी के व्यावसायिक संबंध को प्रभावित कर सकती/ता है या समुचित रूप से उसे प्रभावित करने का आभास दे सकती/ता है।

कई विदेशी और अमेरिकी सरकारी निकाय और कई कंपनियाँ उनके कर्मचारियों द्वारा किसी भी उपहार, जिसमें भोजन और मनोरंजन शामिल हैं, के लिए और/या दिए जाने को सख्त तौर पर निषिद्ध करते हैं। आपको इन निषेधों से अवगत होना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।

विशिष्ट रूप से, अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट कार्यप्रथाएँ अधिनियम (U.S. फ़ॉरेन करप्ट प्रेक्टिसेज़ एक्ट, “FCPA”) Insight को किसी आधिकारिक कृत्य या निर्णय को प्रभावित करने या व्यवसाय अथवा कोई अनुचित व्यावसायिक बढ़त प्राप्त करने या बनाए रखने के प्रयोजन से विदेशी अधिकारियों, राजनीतिक पदों के उम्मीदवारों या विदेशी राजनीतिक दलों के सदस्यों को कोई भुगतान करने या भुगतान की पेशकश करने या अन्य लाभों का वादा करने से निषिद्ध करता है। Insight “सरलीकरण भुगतानों” को भी निषिद्ध करती है, जिन्हें रोज़मर्रा के सरकारी कार्यों, जैसे लाइसेंस या परमिट जारी करना, को सुनिश्चित करने या उनकी गति बढ़ाने के लिए किया जाता है। FCPA यह भी आवश्यक करता है कि Insight उचित अकाउंटिंग नियंत्रण बनाकर रखे और विदेशी सरकारों से हुए सभी वित्तीय सौदों के विस्तृत रिकॉर्ड रखे। इस कानून का उल्लंघन करने पर कंपनी पर और संलिप्त टीम सदस्यों को भारी-भरकम दीवानी और फ़ौजदारी सजाएँ दी जा सकती हैं। जिन देशों में Insight व्यवसाय करती है उनमें से कई देशों में सार्वजनिक (सरकारी) अधिकारियों के भुगतानों पर ऐसे ही, और कई मामलों में अधिक सख्त, प्रतिबंध हैं जो FCPA के साथ-साथ या उसके स्थान पर लागू हो सकते हैं।

U.K. रिश्वतखोरी अधिनियम (ब्राइबरी एक्ट) ऐसा ही एक कानून है। U.K. रिश्वतखोरी अधिनियम किसी भी वाणिज्यिक, अनुबंधीय, नियामक या व्यक्तिगत बढ़त को प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रलोभन या पुरस्कार की पेशकश को, के वचन को या को प्रदान किए जाने को निषिद्ध करता है। ध्यान दें कि U.K. रिश्वतखोरी अधिनियम, FCPA के विदेशी सरकारी अधिकारी के भ्रष्टाचार निषेधों को विस्तार देकर वाणिज्यिक परिवेश में भी लागू करता है।

हर Insight क्षेत्र की अपनी एक विशिष्ट नीति है जो उपहार लेने व देने को नियंत्रित करती है। उक्त मार्गदर्शन के लिए Insight का इंट्रानेट देखें। यदि आपके पास कोई प्रश्न हो तो आपको अपने मैनेजर, लीगल डिपार्टमेंट या कंप्लाइंस ऑफ़िसर से मार्गदर्शन माँगना चाहिए।

# शून्य भेदभाव या उत्पीड़न

Insight एक ऐसा स्वस्थ, सुरक्षित और उत्पादक कार्य परिवेश बनाए रखने की कोशिश करती है जो नस्ल/जाति, रंग, धर्म, राष्ट्रीय मूल, आयु, लिंग, यौन झुकाव, लैंगिक पहचान, मानसिक या शारीरिक अशक्तता, या कानून द्वारा संरक्षित अन्य किसी भी विशेषता के आधार पर भेदभाव या उत्पीड़न से मुक्त हो। Insight कार्यस्थल में यौन आग्रहों, क्रियाओं या टिप्पणियों को, या नस्ली अथवा धार्मिक अपमानकारी आरोपों, चुटकुलों या ऐसी किसी भी अन्य टिप्पणी या आचरण को सहन नहीं करेगी जो अपमानकारी, डराने-धमकाने वाला या अनुपयुक्त कार्य परिवेश बनाते हैं, ऐसे परिवेश को बढ़ावा देते हैं या ऐसे परिवेश को बनने देते हैं। हम एक ऐसा उच्च प्रदर्शन वाला कार्य परिवेश बनाने को प्रतिबद्ध हैं जिसमें व्यक्तिगत अंतरों को सम्मान और महत्व दिया जाता है।

# अन्य दुराचरण

भेदभाव और उत्पीड़न के विरुद्ध Insight की नीति के साथ-साथ, हम सभी टीम सदस्यों से यह अपेक्षा भी करते हैं कि वे पेशेवर ढंग से कार्य करें। सभी संभव परिस्थितियों को कवर करने वाले नियम और नीतियाँ विकसित करना असंभव है, पर आम तौर पर, Insight सभी टीम सदस्यों से यह अपेक्षा करती है कि वे Insight के लिए एक सकारात्मक छवि को प्रतिबिंबित करें और हमारी केंद्रीय मान्यताओं की अनुरूपता में कार्य करें। ये नियम Insight प्रायोजित/संबंधित कार्यक्रमों/समारोहों पर भी लागू होते हैं।

Insight द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/समारोहों पर या Insight की ओर से जिन कार्यक्रमों/समारोहों में भाग लिया जाए उन पर निम्नलिखित अतिरिक्त दिशानिर्देश लागू होते हैं:

- टीम सदस्यों को हमेशा पेशेवर ढंग से व्यवहार व आचरण करना चाहिए।
- Insight द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/समारोहों में अवयस्क एल्कोहॉल का सेवन नहीं करेंगे।
- किसी पर भी एल्कोहल-युक्त पेयों के सेवन का कोई भी दबाव नहीं डाला जाएगा।





## कार्यस्थलीय संबंध

Insight के मैनेजमेंट के सदस्यों को पेशेवर ढंग से आचरण करना होगा और यदि उनके डिपार्टमेंट या टीम के किसी टीम सदस्य से उनका कोई संबंध है तो उन्हें ऐसे संबंध से पैदा हो सकने वाले मुद्दों के प्रति सजग रहना होगा। Insight ह्यमन रिसोर्सेज़ के लिखित अनुमोदन के बिना मैनेजर्स को किसी भी टीम सदस्य से ऐसे किसी भी मैनेजर/सबॉर्डिनेट (प्रबंधक/अधीनस्थ) संबंध की अनुमति नहीं देती है जिसमें डेटिंग, वैवाहिक या कोई अन्य पारिवारिक संबंध मौजूद है। सभी मामलों में ह्यमन रिसोर्सेज़ टीम स्थानीय श्रम व निजता कानूनों के अनुसार कार्य करेगी। यदि कोई टीम सदस्य अपने ही डिपार्टमेंट के किसी अन्य टीम सदस्य को डेट करना शुरू कर देता है या उसका संबंधी बन जाता है, और दोनों के बीच मैनेजर/सबॉर्डिनेट संबंध है, तो Insight दोनों में से एक के ट्रांसफ़र का बंदोबस्त करने के समुचित प्रयास करेगी।

## सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखना

Insight का यह विश्वास है कि उसके टीम सदस्य एक ऐसे कार्य परिवेश के अधिकारी हैं जो सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से मुक्त हो। Insight के परिसरों में/पर होने के दौरान हथियार या गैरकानूनी ड्रग्स बेचना, खरीदना, प्रयोग करना या अपने पास रखना सख्त तौर पर निषिद्ध है। आपको आपकी जॉब पर लागू होने वाले सभी स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करना होगा। यदि आपके पास लागू होने वाले नियमों के बारे में कोई प्रश्न हो तो आपको कंप्लाइंस ऑफ़िसर या लीगल डिपार्टमेंट से संपर्क करना चाहिए। इन ज़िम्मेदारियों की पूर्ति में मदद के लिए, आपको सभी असुरक्षित स्थितियों की सूचना तुरंत ही अपने मैनेजर या ह्यमन रिसोर्सेज़ को देनी चाहिए। साथ ही, जॉब से संबंधित जो भी चोट या रोग हो आपको उसकी सूचना अपने मैनेजर या ह्यमन रिसोर्सेज़ को देनी चाहिए ताकि लागू कानूनों का अनुपालन हो सके।

## रोज़गार के रेफ़रेंस (सिफ़ारिशें)

Insight मानती है कि यह संभव है कि आप, कंपनी छोड़कर जा चुके Insight टीम सदस्यों की नई जॉब ढूँढने में मदद के लिए उन्हें जॉब रेफ़रेंस प्रदान करना चाह सकते हैं। हालाँकि, यह ज़रूरी है कि सभी जॉब रेफ़रेंस ह्यमन रिसोर्सेज़ डिपार्टमेंट के साथ तालमेल में दिए जाएँ। आम तौर पर, रोज़गार के रेफ़रेंस के किसी भी अनुरोध पर केवल ह्यमन रिसोर्स डिपार्टमेंट ही उत्तर दे सकता है। कुछ देशों में ह्यमन रिसोर्सेज़ डिपार्टमेंट से बाहर के टीम सदस्यों द्वारा जॉब रेफ़रेंस दिए जाने का चलन है, हालाँकि, इस चलन के बावजूद, कोई भी टीम सदस्य पहले ह्यमन रिसोर्सेज़ से अनुमोदन प्राप्त किए बिना जॉब रेफ़रेंस नहीं दे सकता है।

## राजनैतिक संलग्नता और पक्ष-जुटाव (लॉबीइंग)

Insight को गर्व है कि उसके कुछ टीम सदस्यों ने राजनीतिक मामलों में संलग्न होने का विकल्प चुना है। हालाँकि, टीम सदस्य Insight के किसी सीनियर एक्ज़ीक्यूटिव से प्राधिकरण प्राप्त किए बिना Insight के प्रतिनिधि के रूप में कोई भी राजनीतिक चंदा नहीं दे सकते हैं या राजनीतिक मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से बयान नहीं दे सकते हैं, साथ ही, किसी भी परिस्थिति में Insight के लेटरहेड या प्रचार-प्रसार सामग्री/वस्तुओं का उपयोग भी नहीं किया जा सकता है। आप आपके द्वारा दिए गए किसी भी व्यक्तिगत चंदे के लिए Insight से प्रतिपूर्ति नहीं माँग सकते हैं और Insight आपको ऐसी कोई भी प्रतिपूर्ति नहीं देगी।

Insight अपने टीम सदस्यों के अपने सार्वजनिक (सरकारी) अधिकारियों से संचार करने के अधिकार को भी मान्यता देती है, और कंपनी टीम सदस्यों को ऐसा निजी नागरिक के रूप में करने को प्रेरित करती है, न कि कंपनी के प्रतिनिधियों के रूप में। यदि Insight द्वारा Insight की ओर से ऐसा संपर्क करने का अनुरोध किया जाए, तो टीम सदस्यों को पक्ष-जुटाव (लॉबीइंग) गतिविधियों से संबंधित सरकारी कानूनों से अवगत होना चाहिए और लागू दिशानिर्देशों तथा सूचना देने की आवश्यकताओं, जिनमें, आवश्यक होने पर, लागू सरकारी एजेंसियों के यहाँ अग्रिम में रजिस्ट्रेशन कराना शामिल है, का कड़ाई से पालन करना चाहिए।



## भेदिया व्यापार

हमारे निवेशकों की सुरक्षा के लिए और लागू कानूनों के अनुपालन के लिए, Insight के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के सदस्यों, टीम सदस्यों और कॉन्ट्रेक्टर्स पर Insight स्टॉक (शेयर) की खरीद-बिक्री तब तक करने पर रोक है जब तक उनके पास महत्वपूर्ण और गैर-सार्वजनिक जानकारी है। महत्वपूर्ण और गैर-सार्वजनिक जानकारी वह जानकारी है जिसे कोई भी बुद्धि-संपन्न निवेशक Insight स्टॉक (शेयर) को खरीदने, बेचने, या अपने पास रखने का निर्णय लेने में महत्वपूर्ण मानेगा। महत्वपूर्ण और गैर-सार्वजनिक जानकारी के उदाहरणों में ये शामिल हो सकते हैं: ऐसी वित्तीय जानकारी जो अभी जनता के लिए जारी नहीं हुई है, इसमें भावी अर्जन या हानि के पूर्वानुमान शामिल हैं, ऐसे नए क्लाइंट सौदे या वेंडर संबंध जो घोषित नहीं हुए हैं, ऐसे विलय या अधिग्रहण जो प्रकट नहीं किए गए हैं, या कंपनी के प्रदर्शन से संबंधित ऐसी नकारात्मक जानकारी जो प्रकट नहीं की गई है। भेदिया व्यापार के विरुद्ध लागू इस निषेध में महत्वपूर्ण और गैर-सार्वजनिक जानकारी को ऐसे अन्य लोगों तक पहुँचाना शामिल है जो ऐसी जानकारी के आधार पर खरीद-बिक्री करते हैं (इसे "टिपिंग" कहते हैं)। ये कानून संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर के उन लोगों पर भी लागू होते हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका में खरीद-बिक्री करते हैं। साथ ही, अन्य देशों में भी भेदिया व्यापार के विरुद्ध ऐसे कानून होते हैं जो लागू हो सकते हैं। भेदिया व्यापार और उसके निषेध व प्रतिबंधों के बारे में और जानकारी Insight के इंट्रानेट पर और कंप्लाइंस व लीगल डिपार्टमेंट्स के पास उपलब्ध है।

# गोपनीय और स्वामित्वाधीन जानकारी

हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम हमारी कंपनी की गोपनीय और स्वामित्वाधीन जानकारी की सुरक्षा करें। हमें ऐसी जानकारी को तदनुसार चिह्नित करना चाहिए, उसे सुरक्षित ढंग से स्टोर करना चाहिए और उसकी एक्सेस केवल उन लोगों तक सीमित रखनी चाहिए जिनके पास उसे जानने की कोई व्यावसायिक आवश्यकता है। यह नियम तृतीय पक्षों पर और हमारे Insight टीम सदस्यों पर भी लागू होता है। साथ ही, हमें यह सावधानी बरतनी चाहिए कि हम सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी जानकारी पर चर्चा न करें क्योंकि वहाँ दूसरे लोग उसे सुन सकते हैं। गोपनीय और स्वामित्वाधीन जानकारी में ये शामिल हो सकते हैं:

- उत्पाद या सॉफ़्टवेयर की डिज़ाइनें, प्रक्रियाएँ, तकनीकें, संकलन या सूत्र।
- ग्राहक अनुबंध और/या कीमत-निर्धारण की जानकारी।
- व्यावसायिक प्रस्ताव और/या ग्राहकों के प्रस्ताव अनुरोधों के उत्तर।
- कंपनी का गैर-सार्वजनिक वित्तीय डेटा, विश्लेषण या रिपोर्ट।
- नए उत्पादों या प्रक्रियाओं के लिए उत्पन्न तकनीकी डेटा से संबंधित इंजीनियरिंग लॉगबुक, नोटबुक, डिवेलपमेंट फ़ोल्डर, ड्रॉइंग आदि।
- कंपनी के बजट की जानकारी और डेटा।
- मार्केट प्लान, उत्पाद रोडमैप या जोखिम मूल्यांकन।
- प्रेस विज्ञप्तियाँ (आधिकारिक घोषणाओं से पहले)।
- कार्मिक फ़ाइलें, टीम सदस्यों की व्यक्तिगत जानकारी (वेतन डेटा, निजी या पारिवारिक रिकॉर्ड, आदि) और मेडिकल रिकॉर्ड।
- दीर्घकालिक व्यवसाय योजनाएँ और रणनीतिक व्यवसाय योजनाएँ।
- कंप्यूटर पासवर्ड।

आप जो काम करते हैं उसके संबंध में आपको Insight के बारे में, और उसके क्लाइंट्स, भागीदारों, या सप्लायर्स के बारे में जानकारी मिलेगी, पर वह जानकारी, जिसे गोपनीय, स्वामित्वाधीन या गैर-सार्वजनिक माना जाता है, इसलिए नहीं है कि उसे Insight की व्यावसायिक गतिविधियों के बाहर प्रकट किया जाए। साथ ही, चूँकि यह जानकारी Insight की है या उन अन्य कंपनियों की है जिसके साथ वह कार्य करती है, अतः आप व्यक्तिगत लाभ या बढ़त के लिए उक्त जानकारी का उपयोग नहीं कर सकते हैं। उक्त जानकारी की अनधिकृत एक्सेस को रोकने के लिए आपको उपयुक्त कदम उठाने होंगे, जिनमें दस्तावेज़ों को सुरक्षित करना, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की एक्सेस को सीमित करना और उचित निपटान विधियों का उपयोग करना शामिल है। उक्त जानकारी:

- Insight से बाहर के व्यक्तियों को प्रकट नहीं की जा सकती है।
- व्यक्तिगत लाभ के लिए या Insight से बाहर के व्यक्तियों के लाभ के लिए प्रयोग नहीं की जा सकती है।
- अन्य Insight टीम सदस्यों के सामने केवल “जानने की आवश्यकता” के आधार पर ही प्रकट की जानी चाहिए।
- का उपयोग उचित ढंग से किया जाना चाहिए और उसे खोने या चोरी होने से सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

व्यवसाय करने के क्रम में Insight को गोपनीय, स्वामित्वाधीन और गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त होती है जिसे वह अनुबंध द्वारा लागू परिस्थितियों के तहत, कानून द्वारा लागू बाध्यताओं के तहत, या दोनों के तहत सुरक्षित रखती है। कंपनी की जानकारी की सुरक्षा में बहुत-बहुत सावधानी बरतें। दस्तावेज़ों, टेक्नॉलजी डिवाइस, इन्वेन्टरी या सप्लाई को लावारिस या असुरक्षित कभी न छोड़ें। किसी भी इलेक्ट्रॉनिक जानकारी को असुरक्षित साइट्स के ज़रिए न भेजें या अपने कंप्यूटर को ऐसी जगह न छोड़ें जहाँ से उसकी चोरी हो सकती हो। साथ ही, ऐसे लोगों जिनके पास जानने की आवश्यकता नहीं है, के आस-पास सेल फोन पर या खुले/सार्वजनिक स्थानों में बात करते समय सावधानी बरतें कि गोपनीय जानकारी का खुलासा न होने पाए।

## यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम और स्विस डेटा निजता फ़्रेमवर्क

Insight ने EU/यूनाइटेड किंगडम/स्विट्ज़रलैंड से अमेरिका को ट्रांसफ़र होने वाले डेटा के संरक्षण के लिए तैयार किए गए कई उपाय लागू किए हैं, जिनमें व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करने वाले उपयुक्त सुरक्षा उपाय शामिल हैं। Insight अनुबंध करने वाले पक्षों के लिए डेटा संरक्षण कानून का पालन आवश्यक करने के लिए विशिष्ट करारों का एक नेटवर्क बनाकर रखती है। Insight ने अमेरिकी वाणिज्य विभाग (U.S. डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स) द्वारा यथा वर्णित EU-U.S. डेटा निजता फ़्रेमवर्क (EU-U.S. DPF), EU-U.S. DPF के UK विस्तार, और स्विस-U.S. डेटा निजता फ़्रेमवर्क (स्विस-U.S. DPF) को अपनाया है। अधिक जानकारी के लिए कृपया यहाँ आएँ: https://www.dataprivacyframework.gov/s/.

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

Insight यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम ("UK") और स्विट्ज़रलैंड से डेटा के एकत्रण, उपयोग, और प्रतिधारण के संबंध में अमेरिकी वाणिज्य विभाग (U.S. डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स) द्वारा यथा वर्णित डेटा निजता फ़्रेमवर्क्स का अनुपालन करती है। इन भौगोलिक क्षेत्रों से एकत्र जानकारी को Insight North America, Inc. द्वारा होस्ट किए गए Insight के सिस्टम्स में स्थित फ़ाइलों में स्टोर किया जा सकता है। जानकारी को स्टोर करने, उसकी सुरक्षा करने, उसका उपयोग करने और प्रकटन करने के तरीके के बारे में और जानकारी के लिए, कृपया Insight की निजता नीति देखें।

## जानकारी सुरक्षा

Insight यह बात मानती है कि जानकारी की सुरक्षा और डेटा अभिशासन यानी डेटा का नियंत्रण, GDPR के महत्वपूर्ण घटक हैं। Insight अपने भागीदारों और क्लाइंट्स के डेटा की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पारगमन और भंडारण, दोनों अवस्थाओं में एन्क्रिप्शन लागू करती है।

हम यह बात समझते हैं कि Insight के भागीदारों और क्लाइंट्स द्वारा Insight पर भरोसा करके उसे सौंपी गई जानकारी की गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। Insight एक औपचारिक वैश्विक जानकारी सुरक्षा कार्यक्रम को बनाए रखती है जो कानूनी और नियामक आवश्यकताओं का और हमारी अनुबंधीय बाध्यताओं का अनुपालक है और जो यह सुनिश्चित करने के लिए प्रासंगिक है कि हमारे पास रखा सारा डेटा सही-सलामत और सुरक्षित रहे। डेटा अपने पूरे जीवनचक्र के दौरान सुरक्षित ढंग से बनाए रखा जाए यह देखने के लिए हम नीतियों, कार्यविधियों और तकनीकी नियंत्रणों को सक्षम करते हैं।





## सोशल मीडिया, सामान्य रूप से

आज की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की दुनिया में, सोशल मीडिया कई रूपों में मौजूद है। Insight संचार करने, किसी भी प्रकार की जानकारी या कंटेंट (टेक्स्ट, फ़ोटो और वीडियो शामिल) को इंटरनेट, जिसमें आपका अपना या किसी और का ब्लॉग, व्यक्तिगत रूप से मेंटेन की गई वेबसाइट, सोशल नेटवर्किंग या एफ़िनिटी वेबसाइट, वेब बुलेटिन बोर्ड या चैट रूम, चाहे Insight से संबद्ध या सहबद्ध हों या नहीं, शामिल हैं, पर पोस्ट करने, और अन्य किसी भी प्रकार का संचार करने के सभी साधनों को सोशल मीडिया के रूप में परिभाषित करती है।

आपकी ऑनलाइन गतिविधियों पर भी Insight की मान्यताएँ और वही सिद्धांत व दिशानिर्देश लागू होते हैं जो Insight नैतिकता एवं व्यवसाय कार्यप्रथा संहिता में बताए गए हैं। आप ऑनलाइन जो भी पोस्ट करते हैं उसके लिए आखिर में सिर्फ आप ही ज़िम्मेदार होते हैं। ऑनलाइन कंटेंट, चाहे व्यक्तिगत हो या व्यावसायिक, बनाने से पहले उससे जुड़े कुछ जोखिमों और पुरस्कारों पर विचार करें। यह ध्यान में रखें कि आपके ऐसे किसी भी आचरण, जिससे आपके कार्य प्रदर्शन पर या साथी टीम सदस्यों के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है या जो टीम सदस्यों, क्लाइंट्स, वेंडर्स, सप्लायर्स, Insight की ओर से कार्य करने वाले लोगों या Insight के वैध व्यावसायिक हितों पर अन्यथा प्रतिकूल प्रभाव डालता है, का परिणाम अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में मिल सकता है जिसमें बर्खास्तगी तक शामिल है। आपको Insight के व्यापारिक रहस्यों और निजी या गोपनीय जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए हमेशा सावधान रहना चाहिए। आंतरिक रिपोर्ट/जानकारी, नीतियाँ, कार्यविधियाँ या अन्य आंतरिक व्यवसाय-संबंधी गोपनीय जानकारी पोस्ट न करें।

साथ ही, वित्तीय प्रकटन कानूनों का सम्मान करें। दूसरों को अंदर की जानकारी की “टिप” पहुँचाना या देना ताकि वे स्टॉक या सिक्योरिटी खरीद या बेच सकें, गैरकानूनी है। ऐसे आचरण से Insight भेदिया व्यापार नीति का भी उल्लंघन हो सकता है। अनुपयुक्त पोस्टिंग, जिनमें भेदभावपूर्ण टिप्पणियाँ, उत्पीड़न और हिंसा की धमकियाँ शामिल हो सकती हैं, को या इसी प्रकार का अन्य अनुपयुक्त आचरण को सहन नहीं किया जाएगा और उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है जिसमें, कानून द्वारा अनुमन्य के अनुसार, बरखास्तगी तक शामिल है।

## संपत्ति का उपयोग

हर टीम सदस्य को Insight की संपत्ति का उचित ढंग से उपयोग करना चाहिए और खोने या चोरी होने के विरुद्ध उसकी सुरक्षा करनी चाहिए और वह व्यक्तिगत लाभ या अनुचित उपयोग के लिए उक्त संपत्ति का उपयोग नहीं कर सकता है। कंपनी संपत्ति में केवल मूर्त संपत्ति (जैसे, इन्वेन्टरी, ऑफ़िस के उपकरण और सप्लाइज़) ही नहीं बल्कि अमूर्त संपत्ति (जैसे, गोपनीय व्यावसायिक और वित्तीय जानकारी, सॉफ़्टवेयर, ट्रेडमार्क, पेटेंट, कॉपीराइट और अन्य तकनीकी जानकारी) भी शामिल हैं। आपको आपके भरोसे में सौंपी गईं सभी परिसंपत्तियों और संसाधनों के ज़िम्मेदार उपयोग और नियंत्रण को बढ़ावा देना चाहिए। संभव है कि Insight के सिस्टम्स में मौजूद ईमेल, वॉइसमेल और दस्तावेज़ निजी न हों। नीति और कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए Insight व्यवसाय के सामान्य क्रम में कभी-भी उन फ़ाइलों और दस्तावेज़ों को एक्सेस कर सकती है।

साथ ही, Insight टीम सदस्य सप्लायर्स या क्लाइंट्स से लाइसेंस पर लिए गए सॉफ़्टवेयर या अन्य टेक्नॉलजी का उपयोग या उनकी प्रति बनाने का काम, लागू लाइसेंस करार द्वारा या कानून द्वारा अनुमन्य के अनुसार को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार से, नहीं करेंगे। यदि आपके पास Insight संसाधनों के उपयुक्त उपयोग के बारे में कोई प्रश्न हो तो हमेशा मैनेजमेंट, कंप्लाइंस ऑफ़िस या ह्यमन रिसोर्सेज़ से सलाह माँगें।

# हितों के टकराव

Insight अपने टीम सदस्यों से यह अपेक्षा करती है कि वे कंपनी के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य करें और ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों जिनके कारण कंपनी के हितों से वास्तविक, संभावित, या अनुभूत टकराव पैदा हो सकते हैं। सभी टीम सदस्य ऐसे किसी भी हित या संबद्धता से बचेंगे जो Insight और उसके शेयरधारकों के सर्वोत्तम हितों में अपना कार्य करने की उनकी योग्यता में बाधा बनता/ती है।

**बाहरी रोज़गार और अन्य स्वयंसेवी या परोपकारी गतिविधियाँ**

Insight सभी बाहरी रोज़गारों को निषिद्ध नहीं करती है, पर आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका जो भी बाहरी रोज़गार या अन्य गतिविधियाँ हों वे Insight में आपके कार्य पर नकारात्मक प्रभाव न डालें, आप उनके कारण Insight की जानकारी या संसाधनों का गलत उपयोग न करें, या उनके कारण Insight को अनुचित दुष्परिणाम न भुगतने पड़ें। टीम सदस्यों को किसी भी ऐसी कंपनी में बाहरी जॉब करने की अनुमति नहीं है जो उसी व्यवसाय में है जिसमें Insight है या जो किसी भी प्रकार से Insight से प्रतिस्पर्धा करती है। टीम सदस्य किसी भी बाहरी व्यवसाय/कार्य के संचालन के लिए Insight के संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते हैं, फिर चाहे वह व्यवसाय/कार्य Insight के व्यवसाय के टकराव में हो या न हो। साथ ही, टीम सदस्य Insight के कार्य घंटों के दौरान बाहरी व्यवसाय संचालित नहीं कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी व्यवसाय Insight के व्यवसाय से प्रतिस्पर्धा करता हो या न हो।

Insight सभी टीम सदस्यों के रोज़गार से बाहर की और निजी प्रकृति की (सामाजिक, सामुदायिक, राजनीतिक या धार्मिक) गतिविधियों में संलग्न होने के उनके अधिकारों का सम्मान करती है। तब के सिवाय जब Insight द्वारा प्रायोजिक किसी कार्यक्रम के भाग के रूप में की जाए, आपकी स्वयंसेवा आपके खुद के समय में, Insight के परिसरों से दूर, और Insight के किसी भी संसाधन के उपयोग के बिना की जानी चाहिए।

**व्यवसाय से व्यक्तिगत लाभ या बढ़त**

Insight के भीतर और बाहर की सभी व्यावसायिक संबद्धताओं में, टीम सदस्यों को खुद को दोहरे हित की स्थिति में या स्व-हित और सत्यनिष्ठा के बीच टकराव की स्थिति में पड़ने देना नहीं चाहिए। किसी भी टीम सदस्य को Insight द्वारा की गई वस्तुओं या सेवाओं की किसी भी खरीद से व्यक्तिगत लाभ नहीं होना चाहिए, और न ही उसे Insight के प्रतिनिधि के रूप में किसी टीम सदस्य द्वारा उठाए गए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कदमों से व्यक्तिगत बढ़त प्राप्त होनी चाहिए, तब के सिवाय जब वेतन और अन्य पारिश्रमिक का भुगतान Insight द्वारा किया जाए या जब ऐसे व्यावसायिक सौदे अग्रिम में अनुमोदित हों।

आपको ऐसी सारी परिस्थितियों का प्रकटन अपने मैनेजर और कंप्लाइंस ऑफ़िस के सामने करना होगा जिनमें आप या आपका डिपार्टमेंट आपके परिवार के सदस्यों, दोस्तों या आपसे निकट व्यक्तिगत संबंध रखने वाले अन्य लोगों के साथ व्यवसाय कर रहे हैं। Insight यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि ऐसे व्यवहारों में हितों का कोई टकराव न हो, पर इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यदि कोई टकराव मिला/हुआ तो उसे जारी रहने की अनुमति दी जाएगी।

**बाहरी डायरेक्टरशिप (निदेशक पद)**

कभी-कभार, किसी टीम सदस्य से किसी अन्य संगठन के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स में या किसी एडवाइज़री बोर्ड (सलाहकार मंडल) में अपनी सेवाएँ देने को कहा जा सकता है, और इससे, कुछ मामलों में, हितों का टकराव पैदा हो सकता है। ऐसा कोई भी पद (नॉन-प्रॉफ़िट बोर्ड सदस्यता को छोड़कर) स्वीकार करने से पहले, टीम सदस्य को कंप्लाइंस ऑफ़िस से अग्रिम लिखित अनुमोदन लेना होगा।

### अन्य व्यवसायों में वित्तीय हित

टीम सदस्य Insight की किसी भी क्लाइंट कंपनी, भागीदार कंपनी, सप्लायर कंपनी या प्रतिस्पर्धी कंपनी में ऐसा कोई भी व्यक्तिगत या पारिवारिक वित्तीय हित नहीं रख सकते हैं जो टीम सदस्य के विवेक को अनुचित ढंग से प्रभावित कर सकता हो, जो निष्ठा विभाजन का आभास पैदा कर सकता हो, या जिसके फलस्वरूप टीम सदस्य को Insight में अपनी भूमिका के कारण व्यक्तिगत लाभ हो। यह अनुभाग किसी कंपनी की सार्वजनिक रूप से खरीदी-बेची जाने वाली प्रतिभूतियों (सिक्यॉरिटीज़) के स्वामित्व को असंभव नहीं बनाता है, बशर्ते कि उक्त स्वामित्व से आपके विवेक पर अनुचित प्रभाव पड़ने की समुचित अपेक्षा न की जा सकती हो।

### टकरावों का प्रकटन करना

इस नीति की प्रभावशीलता, काफ़ी हद तक, इस बात पर निर्भर है कि टीम सदस्य, किसी हितों के टकराव से संबंधित मुद्दे पैदा कर सकने वाली परिस्थितियों का प्रकटन करने में कितना सहयोग करते हैं। ऐसे सभी लेनदेनों/संव्यवहारों का लिखित में अग्रिम अनुमोदन आवश्यक है जिनमें हितों के टकराव शामिल हैं। एक्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर्स, फ़ाइनेंशियल एक्ज़ीक्यूटिव्स और कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के सदस्यों को बोर्ड की ऑडिट कमिटी से अग्रिम-अनुमोदन प्राप्त करना होगा। अन्य सभी टीम सदस्यों के मामले में, आपको compliance@insight.com पर ईमेल भेजकर कंप्लाइंस ऑफ़िस से लिखित अग्रिम-अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

### संबंधित पक्ष लेनदेन

यदि आप किसी ऐसी परिस्थिति में हैं जहाँ आप किसी टीम सदस्य के परिवार के किसी सदस्य या टीम सदस्य से निकट व्यक्तिगत संबंध रखने वाले अन्य व्यक्ति से व्यवसाय कर रहे हो सकते हैं, तो आपको ऐसी सारी परिस्थितियों का प्रकटन अपने मैनेजर और कंप्लाइंस ऑफ़िस के सामने करना होगा। उदाहरण के लिए, यदि कोई मार्केटिंग टीम सदस्य एक अन्य टीम सदस्य की पत्नी/के पति या परिवार के सदस्य के स्वामित्व वाली कंपनी को विज्ञापन ब्रोशर प्रदान करने के लिए उक्त कंपनी के साथ व्यवसाय कर रहा है तो यह एक संबंधित पक्ष लेनदेन है। सभी संबंधित पक्ष लेनदेन लिखित में अग्रिम-अनुमोदित होने चाहिए। टीम सदस्यों को संबंधित पक्ष लेनदेन के अनुमोदन का अनुरोध करने से पहले कम-से-कम दो (2) बोलियाँ प्राप्त करनी चाहिए।

एक्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर्स, फ़ाइनेंशियल एक्ज़ीक्यूटिव्स और कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के सदस्यों को बोर्ड की ऑडिट कमिटी से अग्रिम-अनुमोदन प्राप्त करना होगा। अन्य सभी टीम सदस्यों के मामले में, आपको compliance@insight.com पर ईमेल भेजकर कंप्लाइंस ऑफ़िस से लिखित अग्रिम-अनुमोदन प्राप्त करना होगा।





## सही Insight रिपोर्ट/रिकॉर्ड

हर टीम सदस्य किसी-न-किसी प्रकार की जानकारी रिकॉर्ड करके Insight को देता है। जैसे, बिक्री प्रतिनिधि क्लाइंट ऑर्डर्स की सूचनाएँ देता है, कई टीम सदस्य टाइम रिकॉर्ड सबमिट करते हैं, और अकाउंटेंट राजस्व (आय) और लागत रिकॉर्ड करता है। Insight अपने टीम सदस्यों और प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा करती है कि वे अपने विवरणों/बयानों, रिकॉर्ड और रिपोर्ट में सच्चाई और ईमानदारी बरतें। Insight के लिए विभिन्न कानूनों के तहत यह आवश्यक है कि वह अपने लेनदेनों को दर्शाने वाली बहियाँ और रिकॉर्ड बनाकर रखे और संपूर्ण, उचित, सही, समयबद्ध और समझ में आने योग्य रिपोर्ट्स प्रदान करे। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके द्वारा Insight को सबमिट किए गए सारे रिकॉर्ड पूरी तरह सही हों। रिपोर्टिंग में बेईमानी के फलस्वरूप आप पर या Insight पर या दोनों पर दीवानी या फ़ौजदारी देनदारी लग सकती है।

हर टीम सदस्य को यह सुनिश्चित करने की अपनी ज़िम्मेदारी पूरी करनी होगी कि Insight के रिकॉर्ड सही हों और यह कि उनके समर्थन में उपयुक्त दस्तावेज़ मौजूद हों। सारे व्यावसायिक रिकॉर्ड सावधानी से और संपूर्ण निष्कपटता के साथ तैयार किए जाने चाहिए।

यदि कभी-भी किसी टीम सदस्य को Insight के धन के दुरुपयोग का या किसी अनियमित अकाउंटिंग या वित्तीय गतिविधि का पता चलता है, तो टीम सदस्य के लिए उसकी सूचना देना आवश्यक है। टीम सदस्य उक्त चिंताओं की सूचना अपने मैनेजमेंट, कंप्लाइंस ऑफ़िसर, अपने ह्यमन रिसोर्सेज़ प्रतिनिधि या लीगल डिपार्टमेंट को दे सकते हैं। यदि इनमें से कोई भी संसाधन स्वीकार्य न हो, तो टीम सदस्य Insight हॉटलाइन (insight.alertline.com) को सूचना दे सकता है।

## विज्ञापन और बिक्री

यह स्पष्ट रूप से अनिवार्य है कि Insight बाज़ार में प्रतिस्पर्धा करने में सर्वोच्च नैतिक मानकों के साथ कार्य करती है, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि हमारी विज्ञापन और बिक्री तकनीकें सच्ची और ज़िम्मेदार हों। हालाँकि दुनिया भर में विज्ञापन संबंधी कानूनों में एकरूपता नहीं है, पर आम तौर पर, Insight अपने द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों और सेवाओं के बारे में जो भी जानकारी देती है वह सारी जानकारी उचित, तथ्यात्मक और सच्ची होनी चाहिए। हम उत्पादों और सेवाओं के बारे में विज्ञापनों में जो भी विशिष्ट दावे करते हैं उन सभी के समर्थन में हमें सक्षम होना चाहिए। साथ ही, सुनिश्चित करें कि प्रतिस्पर्धियों और उनके उत्पादों व सेवाओं से की गईं सभी तुलनाएँ संपूर्ण हों, सही हों और भ्रामक न हों (कुछ देशों के विज्ञापन कानून तुलनाकारी विज्ञापनों की अनुमति नहीं देते, इसलिए विज्ञापनों में तुलनाएँ करने से पहले लीगल डिपार्टमेंट से पूछ लें)। बिक्री हासिल करने की कोशिश में, तथ्यों की गलतबयानी न करें या भ्रामक धारणाएँ न बनाएँ। यदि किसी तथ्य पर चुप्पी किसी क्लाइंट को भ्रमित कर सकती है, तो आपको उस जानकारी का प्रकटन करना चाहिए, फिर भले ही बिक्री से हाथ धोना पड़े। और आखिर में, यदि विज्ञापन या मार्केटिंग की सामग्री में किसी तृतीय पक्ष, तृतीय पक्ष उत्पादों या किसी ऐसी बौद्धिक संपदा जो Insight के स्वामित्वाधीन नहीं है, का संदर्भ है तो Insight को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने तृतीय पक्ष से उसका नाम और उसकी बौद्धिक संपदा के उपयोग के लिए उपयुक्त लिखित सहमति ली हो या उसे उचित श्रेय दिया गया हो।

Insight कानूनी और नैतिक साधनों के ज़रिए बाज़ार और अपने प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी एकत्र भी करती है। आपको किसी प्रतिस्पर्धी के व्यापारिक रहस्य या अन्य गोपनीय अथवा स्वामित्वाधीन जानकारी हासिल करने के लिए अनुचित या गैरकानूनी साधनों का उपयोग नहीं करना चाहिए। हालाँकि हम बाज़ार में प्रतिस्पर्धा करते हैं, पर हम यह प्रतिस्पर्धा केवल नैतिक साधनों से करते हैं और हम हमारे प्रतिस्पर्धियों और दूसरों के अधिकारों और संपत्ति का सम्मान करते हैं। प्रतिस्पर्धियों के ग्राहकों, भूतपूर्व ग्राहकों और भूतपूर्व टीम सदस्यों के साथ व्यवहार/सौदे करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

## एंटीट्रस्ट (एकाधिकार-रोधी)

Insight को दुनिया भर के लागू उचित प्रतिस्पर्धा और एकाधिकार-रोधी कानूनों का अनुपालन करना चाहिए। ये कानून यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि व्यवसाय उचित ढंग से व ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करें और प्रतिस्पर्धा घटाने या उस पर अंकुश लगाने की कोशिश करने वाले आचरण पर रोक लगे। टीम सदस्यों द्वारा किसी भी प्रतिस्पर्धी के साथ ऐसा कोई भी समझौता (लिखित या अन्यथा) किए जाने पर सख्त रोक है जो:

- बाज़ार में प्रतिस्पर्धा को सीमित करता है
- कीमतों या अन्य बिंदुओं व शर्तों को फ़िक्स करता है
- क्लाइंट्स या क्षेत्रों का बँटवारा करता है
- उत्पादों या सेवाओं की उपलब्धता को सीमित करता है
- सप्लायर्स का बहिष्कार करता है
- जिसमें ऐसा अन्य आचरण शामिल है जिसके फलस्वरूप व्यापार पर अंकुश लगने या अनुचित व्यावसायिक कार्यप्रथाओं के प्रचलित होने की संभावना है।

यदि आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि किसी परिकल्पित क्रिया से अनुचित प्रतिस्पर्धा या एकाधिकार के मुद्दे पैदा होते हैं या नहीं, तो Insight का कंप्लाइंस ऑफ़िस या लीगल डिपार्टमेंट आपकी मदद कर सकते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय

Insight की सहयोगी कंपनियाँ कई अलग-अलग देशों में व्यवसाय करती हैं। Insight जहाँ-जहाँ व्यवसाय करती है वहाँ लागू कानूनों और विनियमों के पालन के लिए वह प्रतिबद्ध है। सभी लेनदेन लागू आयात, निर्यात और धनशोधन नियंत्रण विनियमों के अनुसरण में किए जाने चाहिए। आयात व निर्यात कानून बहुत जटिल हो सकते हैं। ऐसे देश भी हो सकते हैं जिन्हें Insight द्वारा निर्यात पर कानूनन रोक है। साथ ही, कुछ सप्लायर्स अपने उत्पादों की बिक्री कुछ क्षेत्रों तक सीमित कर सकते हैं। यदि आपके पास कोई प्रश्न हों, तो आपको कंप्लाइंस ऑफ़िसर या लीगल डिपार्टमेंट से पूछना चाहिए।



## ऑडिट, जाँच और अनुशासनात्मक कार्रवाई

हमारी कंपनी वास्तविक या संदिग्ध दुराचरण की सभी सूचनाओं की जाँच करती है। सूचित जानकारी को, स्थानीय कानून द्वारा अनुमन्य सीमा तक, गोपनीय माना जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर हमारे ग्लोबल कंप्लाइंस ऑफ़िसर, कॉर्पोरेट इंटरनल ऑडिट डिपार्टमेंट से तालमेल के साथ, हमारी संहिता के अनुपालन के ऑडिट (संपरीक्षाएँ) भी कर सकते हैं। हमारी संहिता और/या कानून के उल्लंघनों का परिणाम अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में मिलेगा जिसमें, कानून द्वारा अनुमन्य के अनुसार, बरखास्तगी तक शामिल है।

## संहिता का अनुपालन

हमारी नैतिकता एवं व्यवसाय कार्यप्रथा संहिता ऐसे किसी भी कानून, विनियम या संहिताओं का स्थान नहीं लेती है जिनमें इससे अधिक कठोर आवश्यकताएँ हो सकती हैं (जैसे, सरकारी नैतिकता नियम या राज्य के मार्केटिंग कानून)। हमारी संहिता हमारे टीम सदस्यों के लिए सभी लागू कानूनों, विनियमों, नीतियों, कार्यविधियों और व्यवसाय कार्यप्रथाओं का अनुपालन आवश्यक करती है। टीम सदस्यों को पुरज़ोर ढंग से प्रेरित किया जाता है कि वे संहिता को और Insight के अनुपालन कार्यक्रम को अपनाएँ जिनका लक्ष्य है (1) Insight की संस्कृति को बढ़ावा देना जिससे नैतिक कार्यप्रथाओं को और कानून के अनुपालन की प्रतिबद्धता को प्रोत्साहन मिलता है, और (2) अनुपयुक्त आचरण की रोकथाम करना और उसका पता लगाना।

यदि आपके पास नैतिकता एवं व्यवसाय कार्यप्रथा संहिता के संबंध में कोई प्रश्न या चिंता हो तो कृपया कंप्लाइंस ऑफ़िस से compliance@insight.com पर संपर्क करें।

